जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, जयपुर जिला, जयपुर

(बी–610, ए.डी.आर. सेन्टर, शिव मार्ग, बनीपार्क, जयपुर)

फोन : 0141–4596237 ईमेल: dlsa18jaipurdistrict@gmail.com

क्रमांकः– 6365 दिनांकः– 15/6/26

प्रेषितिः सिस्टम ऑफिसर,
जिला एवं सेशन न्यायालय,
जयपुर जिला, जयपुर।

विषयः– नालसा विनियम 2010 के विनियम 08 के अधीन अधिवक्तागण का नवीन पैनल गठित किये जाने बनाने बाबत्।

संदर्भः– राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जयपुर का पत्रांक 13661–13662 दिनांक 27.05.2026 व 15847–15890 दिनांक 13.06.2026 के क्रम में।

महोदय,

उपरोक्त विषयान्तर्गत निवेदन है कि माननीय राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जयपुर के द्वारा संदर्भित पत्र के माध्यम से जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, तालुका विधिक सेवा समिति, व नवीन न्यायालय जहां पर तालुका का गठन किया जाना शेष है में पैनल अधिवक्तागण के चयन हेतु आवेदन आमंत्रित करने व प्राप्त आवेदनों में से पैनल अधिवक्तागण का चयन कर चयनित पैनल अधिवक्तागण के नामों की सूची प्रेषित करने हेतु निर्देशित किया गया है।

उक्त के क्रम में निवेदन है कि इस राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जयपुर के द्वारा पत्रांक 15847–15890 दिनांक 13.06.2026 के तहत आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि में परिवर्तन कर दिया गया है जिसका विवरण निम्नानुसार हैः–

महत्वपूर्ण दिनांकः–

1. आवेदन भरा जाकर हॉर्ड कॉपी जमा कराये जाने की अंतिम दिनांकः– 10.07.2026 सायं 5.00 बजे तक।

भवदीय

सचिव
जिला विधिक सेवा प्राधिकरण
जयपुर जिला, जयपुर।

संलग्नः– रालसा का पत्रांक 15847–15890 की प्रति।

राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण

राजस्थान उच्च न्यायालय परिसर, जयपुर पीठ, जयपुर
विधिक सेवा सदन, विधिक सेवा मार्ग, सी–स्कीम, जयपुर
(Phone: 0141-2227481, FAX: 2227602, Toll Free Help Line: 15100/9928900900
E-Mail: rslsajp@gmail.com, rs-slsa@nic.in, Website: https://rajasthan.nalsa.gov.in/

क्रमांकः–एफ 2(137)/2025/रालसा/पै.अधि./DS-I/15847-15897 दिनांक :– 13/06/2026

प्रेषक :–

सदस्य सचिव,
राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण,
जयपुर।

प्रेषितिः

अध्यक्ष,
जिला विधिक सेवा प्राधिकरण,
समस्त राजस्थान।

अध्यक्ष,
तालुका विधिक सेवा समिति,
समस्त राजस्थान।

विषयः– अधिवक्तागण के नवीन पैनल के गठन हेतु चयन की अंतिम तिथि बढ़ाने बाबत।
संदर्भः– इस कार्यालय का पत्रांक एफ 2(137)/2025/रालसा/ पै.अधि./DS-I/13661 13662 दिनांक 27.05.2026।

महोदय,

उपर्युक्त विषयान्तर्गत एवं संदर्भित पत्र के क्रम में निवेदन है कि जिला मुख्यालय एवं तालुका स्तर पर स्थित न्यायालयों, मंच एवं अधिकरणों में विधिक सेवाओं के क्रियान्वयन हेतु पैनल अधिवक्ताओं के चयन के लिए विधि व्यवसायियों/अधिवक्ताओं से आवेदन–पत्र आमंत्रित की अंतिम तिथि 15.06.2026 निर्धारित की गई थी, को निर्देशानुसार दिनांक 10.07.2026 को सायं 5:00 तक के लिए एवं जिला स्तर पर चयन प्रक्रिया पूर्ण करने की अंतिम दिनांक 18.07.2026 तक बढाई जाती है। साथ ही यह भी निर्देशित किया जाता है कि उक्त दिनांक के पश्चात अंतिम तिथि किसी भी परिस्थिति में नहीं बढ़ाई जावेगी।

चयनित पैनल अधिवक्तागण के नाम की सूची, उनके समस्त दस्तावेज एवं निर्णयों/आदेशों की प्रतियां सहित निर्धारित प्रपत्र में दिनांक 24.07.2026 को सायं 05:00 बजे तक इस कार्यालय को प्रेषित करावें, ताकि अग्रिम कार्यवाही के लिए माननीय कार्यकारी अध्यक्ष महोदय से अनुमोदन प्राप्त किया जा सके।

नवीन पैनल तैयार करते समय अधिवक्ता की क्षमता, सत्यनिष्ठा, उपयुक्तता एवं अनुभव का विशेष ध्यान रखा जाये।

आज्ञा से

(हरि ओम अत्री)
सदस्य सचिव
राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिरकण
जयपुर